B-3
L-3

दिनाँक
31/01/24

• यदि अन्तिम वस्तुओं और सेवाओं के बजाय सभी प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं को सम्मिलित करना हो तो इसका एक विकल्प यह हो सकता है कि उत्पादन की अलग-अलग अवस्थाओं पर होने वाले मूल्य संवर्धन (Value Addition) को आपस मे जोड़ लिया जाए।

ये ध्यान देने योग्य है कि वर्ष 2015 मे GDP निकालने के लिए SNA-2008 के मानको के अन्तर्गत इसी विधि को लागू किया गया है।

इस विधि मे GDP पर जाने के लिए GVA (Gross Value Addition) को आधार बनाया जाता है।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

Example -

| | गेहूँ | आटा | ब्रेड | |
|---|---|---|---|---|
| GDP = | ₹ 10 | ₹ 12 | ₹ 20 | = अन्तिम मूल्य |
| Value addition = | 10 | 2 | 8 | = 20 |

• GDP को एक समयावधि के साथ जोड़कर देखा जाता है। जो मुख्यत: एक वर्ष की होती है।

• GDP का मूल्यांकन बाजार मूल्यो पर किया जाता है।

Note :-

भारत के द्वारा 2015 मे GDP के अनुमान के लिए SNA-2008 के अन्तर्गत इस विधि को लागू किया गया है।

GNP ⇒ Gross National Product (सकल राष्ट्रीय उत्पाद)

GDP + Net factor Income Earned abroad

विदेशो मे अर्जित निवल साधन आय

↓

भारतीय साधनों द्वारा विदेशों मे आर्जित आय (Foreign Income Earned by Indian factor) (A)


(−)

विदेशी साधनो द्वारा भारत मे आर्जित आय (B) (factor Income of foreigners Earned in India)

इस प्रकार

$$GNP = GDP + (A - B)$$

NRI = अनिवासी भारतीय




KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

NNP = Net National Product (निवल राष्ट्रीय उत्पाद)

GNP - Depreciation

मूल्य ह्रास या अपकर्ष या मशीनो की घिसावट का अनुमानित मूल्य

Note :-

मशीनो की घिसावट एक प्रकार का नकारात्मक उत्पादन होता है इसलिए इसे GNP, GDP आदि से हटा दिया जाता है।

यदि इसे GDP में से हटाया जाता है तो NDP (Net Domestic Product) की अवधारणा का जन्म हो जाता है।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR